>

Title: Need to implement the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana as per the Census-2011.

श्री गजानन ध. बाबर (मावल): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान ग्रामीण मंत्रालय द्वारा देश में चलाये जा रही प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना की ओर दिलाना चाहता हूं। पूरे देश में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना 2001 की जनगणना के अनुसार चलाई जा रही है और इस 2001 की जनगणना के आधार पर महाराष्ट्र राज्य में विशेष तौर पर मेरे संसदीय क्षेत्र को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पिछले पांच वर्षों से महाराष्ट्र राज्य को प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के लिए कोई भी पैसा नहीं मिला है, जिसके कारण महाराष्ट्र राज्य इस योजना के लाभ से वंचित है। सरकार 2011 की जनगणना भी करा चुकी है, जिसके आधार पर महाराष्ट्र में नगर निगम, जिला परिषद और पंचायती राज के चुनाव भी हो चुके हैं। लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना अभी भी 2001 की जनगणना के अनुसार चल रही है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि जिस प्रकार 2011 की जनगणना के अनुसार महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय के चुनाव हुए हैं, उसी के अनुसार 2011 की जनगणना को आधार बनाकर महाराष्ट्र में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना लागू की जाए, जिससे 250 से 500 तक जनसंख्या वाले गांवों को भी प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना का लाभ मिल सके।

18.23 hrs (Dr. M. Thambidurai *in the Chair*)